गुलमोहर एवं अन्य पौधों गुलजार होंगी भिलाई की सड़के, निगम क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हाईवे रोड सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है जिसके लिए आज सुपेला थाना के सामने सड़कों के किनारे महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव , कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय यादव, आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, तुलसी साहू, अरुण सिंह सिसोदिया, अतुल साहू एवं इरफान सहित अन्य ने रिक्त स्थल पर वृक्षारोपण किया! वृक्षारोपण पर 50 गुलमोहर के पौधे आज सड़कों के किनारे लगाए गए! नेहरू नगर चौक से लेकर डबरा पारा चौक तक सड़कों के किनारे निगम के सीमा क्षेत्र तक वृक्षारोपण किया जाएगा, जिन दुकानों के सामने पौधे रोपित किए जाएंगे, उनके संचालक को इसकी सुरक्षा एवं सिंचाई की जिम्मेदारी भी दी जाएगी ताकि पौधों की उचित देखभाल हो सके!

वृक्षारोपण की संपूर्ण तैयारी निगम के उद्यान विभाग द्वारा की जा रही है! पौधों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई है! शहर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया जा रहा है! शहर में हरियाली लाने निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है!

डिवाइडर में लगे पौधे करेंगे आकर्षित शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए निगम क्षेत्र के डिवाइडर जिनमें पौधे लगाए जाने हैं गड्ढे तैयार किए जा रहे हैं , और डिवाइडर में पौधे लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है! सुपेला चौक से लेकर गदा चौक तक डिवाइडर में पौधे लगाए जा चुके हैं, पशु पौधों को अपना चारा न बना सके इसके लिए विशेष प्रजातियों का चयन किया जा रहा है , सुपेला डिवाइडर में चंपा, बोगनविलिया, कनेर प्रजाति के पौधे रोपित किए गए हैं! इसी प्रकार से नंदिनी रोड डिवाइडर में भी पौधे रोपित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है!